2 फरीदाबाद
स्कूलों में सड़क सुरक्षा के लिए विद्यार्थियों को किया जाएगा जागरूक

6 अभिमत
आध्यात्मिक इतिहास का महत्वपूर्ण क्षण

9 देश-विदेश
संसद सत्र से पहले सरकार ने 17 सितंबर को सर्वदलीय बैठक बुलाई

11 फीचर
संक्रामक रोगों को और खतरनाक बना सकता है जलवायु परिवर्तन

RNI NO. HARHIN/2018/75109

फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 14 सितंबर, 2023

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



फाइनल में जगह बनाने को भिड़ेंगे पाकिस्तान और श्रीलंका

पेज - 12

# अग्रवाल कॉलेज में उद्यमिता पर आधारित कोर्स कराया गया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**अग्रवाल** कॉलेज बल्लभगढ़ में प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के मार्गदर्शन में एसडीजी क्लब द्वारा सामाजिक उद्यमिता पर चलाया जा रहा सर्टिफिकेट कोर्स संपन्न हुआ। यह कोर्स 24 फरवरी 2023 को शुरू हुआ था, जिसमें विभिन्न कक्षाओं के 40 छात्रों को नामांकित किया गया। इस कोर्स का लक्ष्य छात्रों को सामाजिक उद्यमिता को जीवन में अपनाकर भविष्य के लिए तैयार करना एवं उन्हें हमारे पृथ्वी ग्रह के लाभ की दिशा में काम करने के सार्थक तरीकों से संलग्न कराना था। उद्यमिता और सतत विकास के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता के लिए जाने जाने वाले अनित गुप्ता ने पूरे कोर्स के दौरान अपना ज्ञान और अनुभव विद्यार्थियों के साथ सांझा किया। पाठ्यक्रम में प्रतिभागियों ने सामाजिक उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं को सीखा, जिसमें सामाजिक मुद्दों की पहचान करना, स्थायी व्यापार मॉडल विकसित करना और सकारात्मक सामाजिक प्रभाव पैदा करना शामिल है। कार्यक्रम इंटरेक्टिव वीडियो सबक और समूह चर्चा की एक श्रृंखला के माध्यम से ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड दोनों में आयोजित किया गया था, जिसमें प्रतिभागियों ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से अपने प्रोजेक्ट की प्रस्तुति की। पाठ्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों पर खासतौर पर जोर दिया गया। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के प्रिंसिपल डॉ. कृष्ण कांत ने इस अभिनव पाठ्यक्रम के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया।